कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/प्रारं/शैक्षिक/AB/3582/गांधी जयन्ति/2018/341 दिनांक–19/9/19

संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा .... (समस्त)

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
स्कूल शिक्षा .... (समस्त)

जिला शिक्षा अधिकारी (मु.)
प्रारंभिक शिक्षा .... (समस्त)

विषय–राष्ट्रपितां महात्मा गांधी के 150वे जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में प्रदेश में 2 अक्टूबर 2018 से 2 अक्टूबर 2020 तक विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रमों के आयोजन के क्रम में।
प्रसंग–प्रमुख शासन सचिव महोदय, स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा, राजस्थान सरकार का पत्रांक–पं. 24(19)शिक्षा–6/ 2018 जयपुर दि. 19.09.19 ।

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वें जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश में 2 अक्टूबर 2018 से 2 अक्टूबर 2020 तक विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । इस क्रम में 23 सितंबर 2019 से 02 अक्टूबर 2019 तक प्रदेश के सभी राजकीय एवं अराजकीय विद्यालयों में गांधी जी के विचारों एवं मूल्यों का पोषण करने वाले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम व गतिविधियां व्यापक तौर पर आयोजित किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों में गांधीजी के सिद्धान्तों व विचारों का गहन पोषण हो सके ।

दिनांक 23.09.19 से प्रारंभ कार्यक्रम व गतिविधियों के समापन के रूप में दि. 02.10.19 को गांधी जी की 150वीं जयंती प्रदेश के सभी राजकीय व अराजकीय विद्यालयों में स्थानीय जन समुदाय की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए समारोह पूर्वक मनाई जानी है । इस अवसर पर सभी विद्यालयों में न्यूनतम 3 घण्टे (प्रातः 09.00 बजे से मध्यान्ह 01.00 बजे के मध्य) की समयावधि में निम्नांकित कार्यक्रम/गतिविधियां आयोजित कराई जावें–

क्र.सं.	आयोज्य कार्यक्रम/गतिविधियों का विवरण	अनुमानित समयावधि
1	सर्व धर्म प्रार्थना सभा	30 मिनिट
2	गांधीजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम	30 मिनिट
3	गांधीदर्शन, विचारों व मूल्यों पर आधारित एकांकी/नाटक/भाषण/सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन	30 मिनिट
4	पुरस्कार वितरण कार्यक्रम	30 मिनिट
5	'स्वच्छता ही सेवा' की थीम पर प्लास्टिक कचरा संग्रहण के लिए विद्यालय परिसर (कक्षा 6–8 द्वारा) एवं विद्यालय के आसपास के क्षेत्र (कक्षा 9–12 द्वारा) में श्रमदान	60 मिनिट
6	ब्लॉक/तहसील मुख्यालय के उमावि में गांधीजी व दर्शन पर प्रदर्शनी का आयोजन	संपूर्ण दिवस के लिए

उक्त कार्यक्रम व गतिविधियों में सभी शिक्षक व विद्यार्थी आवश्यक रूप से भाग लेंगे । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में अभिभावकों के साथ–साथ जनप्रतिनिधियों, एसडीएमसी सदस्यों, स्वतंत्रता सैनानियों व गणमान्य नागरिकों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जावे एवं जन समुदाय की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जावे ।

आयोजित कार्यक्रमों व गतिविधियों के संबंध में जिला स्तर व राज्य स्तर पर रिपोर्ट मय फोटोग्राफ संकलित कर प्रस्तुत की जावे ।

कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा जिला एवं राज्य स्तरं पर निर्धारित किये गए कार्यक्रमों में विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग एवं भागीदारी सुनिश्चित की जावे ।

उपरोक्त आदेश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करे एवं **सभी राजकीय एवं अराजकीय विद्यालयों में उपरोक्तानुसार कार्यक्रम आयोजित करवाकर** विभागीय ई–मेल आई.डी. पर रिपोर्टिंग करे।

(ओम कसेरा)
I.A.S
निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा एवं पं.राज (प्राशि) विभाग
राजस्थान बीकानेर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव महोदय, स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा, शासन सचिवालय, जयपुर ।
2. निजी सचिव, निदेशक महोदय, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर ।
3. निजी सचिव, निदेशक महोदय, कार्यालय हाजा ।
4. उपनिदेशक (आरटीई), आरटीई–पीएसपी अनुभाग, कार्यालय हाजा ।
5. अनुभाग अधिकारी, कम्पयूटर अनुभाग को प्रेषित कर लेख इस पत्र को विभागीय वेब साईट पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करें।

निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा एवं पं.राज (प्राशि) विभाग
राजस्थान बीकानेर